

## एक नजर में

### भादवामाता शारदीय नवरात्रि मेंले में सांसद गुप्ता एवं विधायक परिहार ने किया शक्ति पर्व का शुभारंभ

**नीमच।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन नीमच द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति पर्व का आयोजन रविवार की शाम को माँ भादवा माता मंदिर में किया गया। कलासाधकों ने लोकगीत, भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया। समारोह में शाजापुर के दिनेश कुमार धौलपुरे के लोकगायन, भोपाल के शिवम नागर के भक्ति गीतों और उज्जैन की गार्गी आचार्य एवं साथी नृत्यांगना की महिषासुरमर्दिनी नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियाँ हुईं।

शाम की ठंडी बयार के बीच उज्जैन की गार्गी आचार्य एवं साथी कलाकार नृत्य नाटिका महिषासुरमर्दिनी- माँ दुर्गा की विजय गाथा लेकर नमुदार हुए और मातृ शक्ति की महिमा को मंच पर जीवंत किया। नाटिका माँ दुर्गा की अद्भुत कथा पर देवताओं को आतंकित करने वाले महिषासुर के संहार पर आधारित है। नाटिका में माँ दुर्गा का आह्वान और उनका प्राकट्य दिखाया गया। नाटिका में दिखाया गया कि माँ सभी असुरों का वध कर महिषासुर के दम्भ को तोड़ देती हैं। माँ और महिषासुर का दिव्य अस्त्र-शस्त्र से भीषण युद्ध होता है और अंत में माँ महिषासुर का भी वध कर देती हैं। विजय उत्सव के साथ प्रस्तुति का समापन होता है। यह नृत्य-नाटिका न केवल माँ दुर्गा की शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि जब-जब अधर्म बढ़ेगा, तब-तब सत्य और धर्म की विजय निश्चित होगी।

एक दिवसीय समारोह की अंतिम सभा में भोपाल के शिवम नागर ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने गणेश वंदना पालणा में झुला झुले गजानंद... गीत गाकर श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। अपनी प्रस्तुति को विस्तार देते हुए देवी गीत- हो मैया झूमर को छलके के गोरे गाल पे हो माँ..., राम तो घूमतो तो घूमतो जाए मैया थारो गरबो रमवा ने जाए... भक्ति गीत पेश किए। अंत में माय म्हारा अंगना में आज पधार जो..., लोक भजन- जरा धिरे धिरे गाड़ी हांको मेरे राम गाड़ी वाले... गाकर अपनी वाणी को विराम दिया। प्रारंभ में नीमच मंदसौर जावरा क्षेत्र के सांसद--श्री सुधीर गुप्ता एवं नीमच क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने दीप प्रज्वलित कर शक्ति पर्व का शुभारंभ किया। स्थानीय सरपंच एवं भादवा माता संस्थान के समिति सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा धनगर, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, सहित जन प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक, एसडीएम श्री संजीव साहू, प्रबंध समिति सदस्य, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य श्रीमती अहीर एवं सरपंच श्री राठौर ने आंगनवाडी केंद्रों को लिया गोद

**नीमच।** नीमच विकासखण्ड के ग्राम धनरिया कलां के आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार को डिवर्मिंग डे (कृमि मुक्ति दिवस) आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी में पंजीकृत बच्चों को कृमिनाशक गोली तरित की और सामूहिक मंगल दिवस भी मनाया गया, इसमें पोषण, स्वच्छता और बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी साझा की गई। वरिष्ठ जनपद सदस्य श्रीमती कान्ता हरीश अहीर, सरपंच श्री राजेश राठौर, सचिव श्री प्रेम सिंह चुंडावत, श्री प्रकाश अहीर ने आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया तथा समर्पण पत्र (गोदनामा) सौंपा। जिसमें बच्चों के लिए पौष्टिक आहार, पंखे एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। यह पहल बच्चों के पोषण एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है। आंगनबाड़ी केंद्रों की सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आशा कार्यकर्त बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिलाएं, अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों ने पोषण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर सहयोग की भावना व्यक्त की।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन



**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन उमेश जोगा के निर्देशानुसार मंगलवार 23 सितंबर 2025 को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम, नीमच स्थित सभाकक्ष में किया गया। शिविर की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने की। शिविर में जनसुनवाई के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर भी आयोजित हुआ। इस दौरान लगभग 40 आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। एसपी अंकित जायसवाल ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। शिविर के दौरान लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 32 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर शिकायतें बंद करवाई गईं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारी शिकायतों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। विशेषकर भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दे और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच किरण चौहान, एसडीओपी जावद रोहित राठौर, एसडीओपी मनासा शाबेरा अंसारी, डीएसपी (महिला सुरक्षा शाखा) निकिता सिंह सहित जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे।

### वार्ड नंबर 3 में केंद्र क्रमांक 4 में पोषण माह का आयोजन किया

**नीमच।** जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में परियोजना नीमच शहर की वार्ड नंबर 3 में केंद्र क्रमांक 4 में पोषण माह का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थ और व्यंजन और मोटे अनाज के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया तथा एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई और सुपरवाइजर रश्मि बामनिया की उपस्थिति में में पार्षद द्वारा रामचंद्र जी धनगर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 की आंगनबाड़ी को गोद लिया गया जिसमें उन्होंने बेचने वाली दरी भेंट की तथा दीपक जोशी के द्वारा केंद्र क्रमांक 4 को भी गोद लिया गया इस कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माता धात्री माता एवं बाढ़ की विभिन्न महिलाएं भी शामिल थी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वीपिका सोलंकी सीमा रुखसाना नीलू एवं सहायिका भी उपस्थिति थी कार्यक्रम के अंत में श्रीमान पार्षद को श्रीफल एवं माला भेट कर उनको सम्मानित किया गया।

## सड़कों पर उमड़ा सौंधिया राजपूत समाज, बच्चों के विवाद के बाद दो समाज आमने-सामने

**नीमच। ज़िले के रेवली-देवली शासकीय स्कूल में छात्रों के बीच मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया है। एक दिन पहले गुर्जर समाज ने प्रदर्शन किया था और अब निष्पक्ष कारवाई की मांग व समाज पर अनुचित बयानबाजी को लेकर सौंधिया राजपूत समाज भी सड़को पर उतर आया।**







जानकारी के अनुसार, पिपलिया नाथावत निवासी छात्र राजवीर सिंह तंवर के साथ झालरी गांव के युवाओं द्वारा स्कूल परिसर में की गई गंभीर मारपीट की घटना को लेकर सौंधिया राजपूत समाज में गहरा आक्रोश फैल गया है। समाज का आरोप है कि इतनी गंभीर वारदात के बावजूद पुलिस ने गुर्जर समाज के दबाव में आकर केवल हल्की धाराओं में मामला दर्ज किया, जिससे न्याय की उम्मीदें धुंधली हो रही हैं।

घटना के विरोध में मंगलवार को सौंधिया राजपूत समाज के हजारों लोग गाड़ियों के लम्बे काफिले के साथ नीमच की सड़कों पर उतरे। विशाल वाहन रैली निकालते हुए समाजजनों ने मैसी शोरूम चौराहे पर पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि 20 सितंबर की शाम पिपलिया नाथावत गांव में झालरी से जुड़े गुर्जर समाज के कुछ युवकों ने आपत्तिजनक नारेबाजी की और पीड़ित परिवार को लक्ष्य बनाते हुए अश्लील व अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया।

इसके साथ ही विवाद की आंच सोशल मीडिया पर भी फैल गई। आरोप है कि *Instagram ÂÚU ‘@royal_veer®~{}’* और *‘@ajay_bagdawat_king’* नामक अकाउंट्स से सौंधिया राजपूत समाज के विरुद्ध अभद्र, आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की गईं। समाज का कहना है कि इन गतिविधियों के पीछे समाज को बदनाम करने की साज़िश है।

सोंधिया राजपूत समाज ने अपनी प्रमुख मांगों में दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साइबर अपराध की धाराओं में कार्रवाई करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग उठाई है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, समाज अध्यक्ष अनिल सिंह परिहार, युवा जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह तंवर सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे.



## रामनगर में विशाल पथ संचलन, किया शस्त्र पूजन

**रामनगर-/सुठोली।** शताब्दी वर्ष व विजयादशमी उत्सव के निमित्त रामनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकला विशाल पथ संचलन व शस्त्र पूजन। जिसमे 268 स्वयंसेवको ने सहभागिता की। सोमवार को प्रात: 9 बजे सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश व हाथों में दंड लेकर रामनगर मंडल के श्री राम धर्मशाला में एकत्रित हुए। जहा अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन व ध्वज प्रणाम के साथ संचलन प्रारंभ हुआ। जो रामनगर की सभी मार्गों से निकलते हुए पुन: धर्मशाला पहुचा। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री मान वैभव जी ओझा जिला बौद्धिक प्रमुख का उद्बोधन हुआ जिसमें उन्होंने भारत के प्राचीन इतिहास को रेखांकित करते हुए बताया। पथ संचलन का ग्राम के अनेक मार्गों पर पुष्पवर्षा द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप श्री सुरेशचंद्र जी पाटीदार सहित स्वयंसेवक व समाजजन उपस्थित रहे।यह जानकारी जिला प्रचार प्रमुख द्वारा प्राप्त हुयी।

## आपदा पीड़ित किसानों की हुंकार, कलेक्टर कार्यालय गेट पर सांकेतिक जाम, रैली और प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन



**नीमच।** जिले के किसानों की आवाज़ मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय गेट तक गूंज उठी। अतिवृष्टि, पीला मोज़ेक और वायरस जनित रोगों से सोयाबीन की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। इस भीषण नुकसान के बाद किसानों ने भारी हुंकार भरते हुए कलेक्टर कार्यालय गेट पर सांकेतिक जाम लगाया, रैली निकाली और जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि अब वक्त आ गया है जब सरकार को किसानों के पक्ष में ठोस निर्णय लेकर तात्कालिक मुआवजा देना ही होगा।

प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की, जिसमें देवीलाल पाटीदार, रामसिंह जाट, चम्पालाल गुर्जर, अशोक भारद्वाज, मोहन सिंह जाट, आबिद बोहरा, प्रवीण शर्मा, नरेश पाटीदार और रणजीत सिंह राजपूत शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल राहत दिलाने की मांग रखी। चम्पालाल गुर्जर ने बताया कि कलेक्टर ने भी यह स्वीकार किया है कि अब तक किसानों के खेतों का सर्वे नहीं हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कृषि एवं राजस्व विभाग के माध्यम से सर्वे करवाया जाएगा और नुकसानी का आकलन कर प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि दिलाई जाएगी।

इसके साथ ही किसानों ने कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम संजीव साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि नीमच जिले में सोयाबीन की फसल 100 प्रतिशत नष्ट हो चुकी है।अतिवृष्टि, पीला मोजेक और वायरस जनित रोगों से हुई 100 प्रतिशत नुकसानी का बिना किसी विलंब के आकलन मानकर शीघ्र मुआवजा दिया जाए।कृषि एवं राजस्व विभाग को तत्काल निर्देशित कर मुआवजा वितरण प्रक्रिया शुरू की जाए। प्रति हेक्टेयर 54,000 रुपये की लागत के आधार पर किसानों को उतना ही मुआवजा दिलाया जाए ताकि किसान आगामी फसल बोने के योग्य हो सकें। बीमा कंपनी द्वारा हर दो वर्ष में राशि का भुगतान करने की नीति बदली जाए

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र राहत और मुआवजा राशि किसानों तक नहीं पहुंची तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों का कहना है कि यह केवल खेती का नहीं बल्कि उनके परिवारों के अस्तित्व का सवाल है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत गांवों में स्वच्छता के कार्य हो- पर्याप्त साफ-सफाई कराएं : कलेक्टर



**नीमच।** सेवा पखवाड़ा के तहत पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक कर उनमें स्वच्छता के आदत विकसित करें और गांवों में स्वच्छता के कार्य करवाएं। किसी भी गांव, आबादी क्षेत्र में गंदगी या कचरा नजर नहीं आए। पर्याप्त साफ-सफाई हो। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जनपद सीईओ, एसडीएम को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम नीमच, जावद एवं मनासा तथा सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने एम.पी.आर.डी.सी.जिला प्रबंधक से नीमच सिंगोली सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए, कि पांच माह हो गये है, अभी तक ठेकेदार ने सड़क निर्माण का मुख्य कार्य प्रारंभ नहीं किया है। इसके लिए एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक को पत्र लिखवाएं और तत्काल सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं। उन्होने हिंगोरिया रेल्वे फाटक पर निर्माणाधीन ओव्हर ब्रीज निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए, कि निर्माणाधीन ब्रीज के समीप दोनो ओर डायवर्सन मार्ग को ठेकेदार से तत्काल सुधरवाए, जिससे कि आमजनों को आवागमन में कोई असुविधा ना हो। बैठक में सभी जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का अभी से संतुष्टीपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए।प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेण्डर्स को जागरूक कर योजना का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन करवाने के निर्देश नगरीय निकायों को दिए गये। कलेक्टर ने स्वीकृत सभी प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो को दिसम्बर अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश भी संबंधित निकायों को दिए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक




**नीमच।** पी.एम.श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 नीमच की विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री संजीव साहू, प्राचार्य श्री एस.पी.ओला, श्री प्रियदर्शन गर्ग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री दुर्योधन सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस.मांगरिया, प्रो.श्री राजेश मुजाल्दा, अभिभावक प्रतिनिधि श्रीमती प्रेरणा, विष्णु परिहार ठाकरे, श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव, श्री दौलत सिह झाला, शिक्षिका सुश्री रेहाना मंसूरी सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए, कि केंद्रीय विद्यालय की सभी कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक रहे। ऐसे प्रयास किए जाए। समय-समय पर पेरेन्ट्स टीचर मीटिंग आयोजित कर विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य, उपस्थिति आदि के संबंध में अभिभावकों को भी अवगत कराया जाए। मैथ, ओलम्पियाड, फिजिक्स ओल्पीयाड जैसी गतिविधियों में विद्यालय के अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रेरित कर शामिल करवाए। शाला में म्यूजिक क्लब गठित कर विद्यार्थियों को उनकी रूची अनुसार संगीत शिक्षा दिलाई जाए।

बैठक में कलेक्टर ने प्राचार्य से कहा, कि वे विद्यालय की आवश्यकताओं के लिए पृथक से मांग पत्र तैयार कर प्रस्तुत करें, जिससे उन पर उचित कार्यवाही कर आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण-कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नीमच के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। तदपश्चात मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। प्राचार्य एवं शिक्षकगणों तथा विद्यार्थिगणों ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों की जानकारी दी व प्रगति प्रतिवेदन पर प्रजेन्टेंशन दिया। बैठक में अभिभावक प्रतिनिधि प्रेरणा ठाकरे, दौलतसिह झाला ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**एक नजर** — बच्चों को सुपोषण कीट उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

## एडाप्ट अन आंगनवाड़ी सक्षम आंगनवाड़ी अभियान के तहत कलेक्टर ने किया सगरग्राम की आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण



**नीमच।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में बच्चों के सुपोषण और समृद्ध भविष्य के लिए सेवा सेवा पखवाडा के तहत एडाप्ट अन आंनगवाड़ी, सशक्त आंगनवाड़ी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन द्वारा आंगनवाडी केंद्रों में बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास के लिए जनभागीदारी का आव्हान किया गया है। एडाप्ट अन आंगनवाडी सक्षम आंगनवाड़ी अभियान के तहत मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच विकासखण्ड के बाछडा बाहुल्य सगरग्राम में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने सगरग्राम में प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और बच्चों के अध्यापन कार्य का जायजा लिया। उन्होने कक्षा में बच्चों से दीवार पर लिखी गिनती व ए.बी.सी.डी. पढ़वारकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। कलेक्टर ने शाला में दर्ज बच्चों की संख्या, उपस्थित शिक्षकों की संख्या, मध्यान्ह भोजन वितरण आदि की जानकारी ली।

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या, उपस्थित बच्चों संख्या, आंगनवाडी में पोषण माह के तहत आयोजित गतिविधियॉ, बच्चों, नाश्ता वितरण, आंगनवाडी में पूर्व प्राथमिकता शिक्षा, गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने बच्चों से खेल-खेल में शिक्षा गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों ने कविताएं सुनाई, दीवार पर बने चित्रों के नाम बताए और आंगनवाडी में बच्चों को दी गई पाठ्य पुस्तक में उनके दिए जा रहे होमवर्क के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान आंगनवाडी में 30 बच्चें उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बच्चों को वितरित किए जा रहे नाश्ते(दलिया) को चखकर नाश्ते की गुणवत्ता को परखा। नाश्ते की गुणवत्ता ठीक पाई जाने पर सराहना करते हुए कहा, कि बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण नाश्ता व गर्म पक्का भोजन उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर ने किया ग्रामीणों से संवाद

कलेक्टर श्री चंद्रा ने सगरग्राम की शाला परिसर में उपस्थित ग्रामीणजनों से चर्चा कर, पंख अभियान के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के कार्यो की जानकारी ली। एक युवक ने बताया, कि उसे पंख अभियान के तहत किराना व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे वह किराना दुकान संचालित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुआ है।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से पूंछा कि रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के लिए और क्या किया जा सकता है। इस पर ग्रामीणों ने पशुपालन, बकरी पालन, गांव में सिलाई प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण व नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान, सेक्स सार्टेड सीमन के उपयोग की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अवगत कराया, कि आवश्यकतानुसार नस्ल सुधार के लिए पशुपालन विभाग द्वारा गांव में आकर कृत्रिम गर्भाधान नि-शुल्क किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जागरूक होकर शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं का लाभ उठाने की समझाईश दी। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पण्ड्या , सीडीपीओ नीमच ग्रामीण श्री इरफान अंसारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।